भजन

तर्ज– मेरे महबूब न जा आज की रात न जा

मेरे सुन्दरसाथ न जा,करके उदास न जा
आओ पिया जी से कहें,न जुदा हो के रहें

1– हमने काटे हैं इन्तजार के दिन,तब कहीं आये हैं दीदार के दिन
इस तरह छोड़ कर जो जाओगे,दिल से तो निकल न पाओगे

2– आप प्रीतम का रूप प्यारा हो,आप ही तो असल मिलावा हो
आपके बिना फना में हम क्या जिए,जितना भी जिए बेकार जिए

3– दिल में दर्द आंख में आंसू,चरणों में तुम्हारे मैं रख दूं
आप भी अपना प्यार दे जाओ,अपने चरणों की धूलि दे जाओ

4– पिया जी बात इक बताओ हमें,कब तलक देखोगे यूं नम आंखे
कोई तो आखिरी घड़ी लाओ,जिस घड़ी में यहां से ले जाओ